# चैत्रायण



# मानिला वाणी

मासिक ई-पत्रिका

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुणीधार,
मानिला- 263 667 (अल्मोड़ा)

अंक- 08 । 2026-27

अप्रैल, 2026

# विवरणिका

## इस अंक में

| क्र० सं० | विषय | पृष्ठ सं० |
|---|---|---|
| 1. | सम्पादक की कलम से... | i |
| 2. | छात्र-छात्रा लेख अनुभाग | 1-5 |
| 3. | प्राध्यापक लेख अनुभाग | 6-24 |
| 4. | समसामयिकी | 25-26 |
| 5. | जनवरी माह में जन्मी उत्तराखण्ड की प्रमुख प्रेरणादायी हस्तियाँ | 27-28 |
| 6. | जनवरी माह के प्रेरणादायी व्यक्तित्व (एक जीवन परिचय) | 29-30 |
| 7. | जनवरी माह के महत्वपूर्ण दिवस | 31-35 |
| 8. | चित्र दीर्घा | 36-37 |
| 9. | कलाकृति अनुभाग | 38-40 |
| 10. | कुछ अनुशंसित पुस्तकें | 41 |
| 11. | देश दुनिया के कुछ रोचक तथ्य | 42-43 |
| 12. | रोजगार समाचार | 44 |

# संपादकीय

***नूतन वर्ष और चैत्र के इस पावन आगमन पर आप सभी का अभिनंदन!***

जब प्रकृति अपनी पुरानी कंचुक (केंचुल) त्याग कर नव-पल्लवों से श्रृंगार करती है, तब मन के भीतर भी कुछ नया रचने की छटपटाहट जन्म लेती है। इसी सृजनात्मक छटपटाहट का परिणाम है—**'चैत्रायण'**।

*'चैत्रायण'* का अर्थ है चैत्र के मार्ग पर चलना। यह मार्ग है—जड़ता से गतिशीलता की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और पुराने अनुभवों से नए संकल्पों की ओर। हमारे कॉलेज का प्रांगण इस समय केवल परीक्षाओं की तैयारियों से ही नहीं गूँज रहा, बल्कि उन सपनों की पदचापों से भी भरा हुआ है जो आने वाले कल की नींव रखेंगे।

इस अंक के माध्यम से हमने प्रयास किया है कि हम कैंपस की उन सुगबुगाहटों को शब्द दे सकें, जो अक्सर कक्षाओं के शोर में दब जाती हैं। यहाँ छात्रों की बेबाक राय है, कविताओं में ढली उनकी संवेदनाएँ हैं और उन उपलब्धियों का लेखा-जोखा है जिन्होंने इस सत्र में हमें गौरवान्वित किया है।


चैत्र का महीना हमें सिखाता है कि झड़ने का अर्थ अंत नहीं, बल्कि एक नए और बेहतर आरंभ की प्रतीक्षा है। हमारे वो साथी जो इस वर्ष स्नातक होकर अपनी नई यात्रा पर निकलेंगे, उनके लिए 'चैत्रायण' एक सुखद विदाई का गवाह है, और जो अभी इस सफर में हैं, उनके लिए यह अपनी जड़ों को और मजबूत करने का संदेश है। तो पढ़िए, सोचिए और जुड़िए इस वैचारिक यात्रा से।

उम्मीद है कि 'चैत्रायण' के ये पन्ने आपके भीतर भी उत्साह की एक नई कोपल उगाएंगे।

**संपादक मण्डल:**

**डॉ० शैफाली सक्सेना (प्रधान सम्पादक)**

**डॉ० जितेन्द्र प्रसाद (सह-सम्पादक)**


छात्र-छात्रा
लेख अनुभाग



# Impact of Artificial Intelligence on Future Jobs

**Dikshit Pandey**
PhD Scholar, Mathematics
Government Degree College, Manial

Artificial Intelligence (AI) is rapidly transforming the modern world. From smartphones and online shopping to healthcare and transportation, AI has become an important part of everyday life. As technology continues to grow, many people are asking an important question: *Will AI create jobs or replace them?*

AI refers to machines and computer systems that can perform tasks requiring human intelligence, such as learning, problem-solving, decision-making, and language understanding. Today, AI is being used in industries like banking, education, medicine, agriculture, and customer service.

One major impact of AI is automation. Many repetitive and routine tasks are now performed faster and more accurately by machines. For example, chatbots answer customer queries, robots work in factories, and software manages large amounts of data. Because of this, some traditional jobs may decrease in the future, especially those involving repetitive work.

However, AI is not only replacing jobs; it is also creating new opportunities. The demand for AI engineers, data analysts, cybersecurity experts, and software developers is increasing. Companies now require skilled workers who can manage and improve AI systems. In addition, new careers related to digital technology are emerging every year.

AI is also changing the skills needed for future employment. Technical knowledge, creativity, communication skills, and problem-solving abilities are becoming more important. Students and workers must continuously learn and adapt to new technologies to remain competitive in the job market.

In the education sector, AI can help students learn more effectively through personalized learning systems. In healthcare, AI assists doctors in detecting diseases quickly and accurately. In agriculture, AI helps farmers improve crop production and manage resources efficiently. Thus, AI has the potential to improve productivity and quality of life.

Despite its advantages, AI also raises concerns. Job displacement, data privacy, and overdependence on technology are serious issues. Governments and educational institutions must ensure that people receive proper training and opportunities to adapt to technological changes.

In conclusion, Artificial Intelligence will greatly influence the future of jobs. While some occupations may disappear, many new opportunities will also emerge. Instead of fearing AI, society should focus on learning new skills and using technology responsibly. The future will belong to those who are willing to adapt, innovate, and continue learning.

# The Condition of Women in India During 19th Century



**INTRODUCTION:**

The condition of women during the 19th century was surrounded by social inequalities, conservative customs, orthodox practices, but with the start of 20th century the conditions started improving due to the rise of national movements which aimed to reform and purify the Indian society and uplift the suppressed, which collectively laid the foundation for women empowerment in India.

During the 19th century women lived under a deeply political structure, where they were considered inferior to women and were denied basic rights of education, inherit their ancestral property and were denied to participate in public life as they were confined to stay at home and do household works only.

On the top of that women were meant to perform evil rituals that had no sense and practicality, that are as follows:

**1. Sati Pratha:** One of the most inhuman practices was the " Sati system" in which a woman was forced to burn herself on her
husband's funeral pyre. Although it was not universal, yet it existed in several regions, that shows the extreme level of inhuman torture women were battling with.

**2. Child Marriage:** Child marriage was widely prevalent in which girls were married at a very young age even before they
attain maturity. This deprived them of education as now they are only confined to their household. It also leads to the risk of death of women during pregnancy as they were not that physically developed.

**3. Female infanticide:** Female infanticide was prevalent in many communities because daughters were considered an economic burden due to dowry and marriage expenses.

**4. Pardah Pratha:** The "pardah pratha" is also a prime example of confinement of women.

**5. Widowhood and ban on Widowhood remarriage:** Widows faced severe hardships. They were expected to live a life of austerity, social isolation, and humiliation. Widow remarriage was generally prohibited among upper castes. Young widows often suffered lifelong misery.

**6. Economic dependence:** Women were economically dependent on men their whole life. They had very limited property rights and little control over family decisions and resources.

On the other hand, 19th century also witnessed the rise of social reformers who worked for the upliftment of women.

**1. Raja Ram Mohan Roy:** He strongly opposed the Sati system and campaigned for women's rights. Due to his efforts, Lord William Bentinck abolished Sati in 1829.

**2. Ishwar Chandra Vidyasagar:** Advocated for widow remarriage and women's education. His efforts led to the Widow Remarriage Act of 1856.

**3. Jyotirao Phule and Savitribai Phule:** They worked for women education and upliftment of lower-caste women. Savitribai Phule became one of the first female teachers in India.

**4. Swami Dayanand Saraswati:** Swami Dayanand Saraswati supported women's education and opposed child marriage through the Arya Samaj movement.

## CONCLUSION

In conclusion, the condition of women in 19th-century India was largely marked by social inequality, lack of education, child marriage, pardah, sati, and denial of basic rights. However, the century also witnessed the beginning of important social reforms led by reformers like Raja Ram Mohan Roy, Ishwar Chandra Vidyasagar, Jyotirao Phule, Savitribai Phule and Swami Dayanand Saraswati. Their efforts, along with the spread of education and social awareness, laid the foundation for women's upliftment and the gradual improvement of their status in Indian society.












**Mr. Jai Paliwal**
**Research Scholar**
**Department of Mathematics**

# एग्जाम हॉल के 'अतरंगी' चेहरे



## आप इनमें से कौन हैं?

कॉलेज लाइफ में वैसे तो बहुत से रोमांचक पल आते हैं, लेकिन 'एग्जाम हॉल' का वो माहौल कुछ अलग ही होता है। हॉल में घुसते ही हवा में एक अजीब सी बेचैनी होती है। अगर आप गौर से देखें, तो आपको वहां कुछ खास किस्म के 'नमूने' जरूर मिलेंगे:

**1. 'पैनिक बटन' वाले:** ये वो छात्र हैं जो पेपर शुरू होने से 5 मिनट पहले तक पूरी किताब पलटने की कोशिश करते हैं। इन्हें अचानक लगता है कि इन्होंने कुछ भी नहीं पढ़ा। इनकी घबराहट देख कर वो बच्चे भी डर जाते हैं जो सब पढ़कर आए हैं।
**पहचान:** पसीने से तर-बतर चेहरा और बार-बार "भाई, वो वाला टॉपिक पढ़ा क्या?" पूछना।

**2. 'ब्लैंक पेपर' वाले:** ये छात्र घर से तो सब रटकर आते हैं, लेकिन जैसे ही हाथ में क्वेश्चन पेपर आता है, इनका दिमाग 'फॉर्मेट' हो जाता है। इन्हें बस अपना नाम और रोल नंबर याद रहता है। ये अक्सर छत के पंखे को ऐसे देखते हैं जैसे वहां उत्तर लिखे हों।
**पहचान:** पेन को मुंह में दबाकर सीलिंग की तरफ शून्य में देखना।

**3. 'उधार के खिलाड़ी':** इनके पास दुनिया की सारी जानकारी होगी, बस पेन, पेंसिल या एक्स्ट्रा सप्लीमेंट्री धागा नहीं होगा। ये एग्जाम हॉल में ऐसे आते हैं जैसे पिकनिक पर आए हों।
**पहचान:** "भाई, एक एक्स्ट्रा पेन है क्या?" की धीमी आवाज।

**4. 'स्पीडोमीटर' वाले:** पेपर शुरू हुए अभी आधा घंटा ही हुआ होता है और ये जोर से चिल्लाते हैं— "मैम, सप्लीमेंट्री प्लीज़!" इन्हें देखकर बाकी छात्रों के दिल की धड़कनें तेज हो जाती हैं। लोग सोचने लगते हैं, "ये लिख क्या रहा है भाई?"
**पहचान:** हाथ में सप्लीमेंट्री शीट और चेहरे पर 'प्रो' वाली मुस्कान।

**5. 'चील की नज़र' वाले:** इनका ध्यान अपने पेपर पर कम और पड़ोस वाले की शीट पर ज्यादा होता है। इनकी गर्दन में गजब की फ्लेक्सिबिलिटी होती है, जो 180 डिग्री तक घूम सकती है।
**पहचान:** लंबी गर्दन और बार-बार अपनी जगह से थोड़ा ऊँचा उठने की कोशिश।



बबीता
बी०एस-सी० षष्ठम सेमे०



# मैगी






वो हॉस्टल की रातें, वो मैगी का प्याला,
जिसने भूख के अंधेरे में, किया था उजाला।
मसाला थोड़ा कम था, पानी थोड़ा ज्यादा,
पर हर चम्मच में छुपा था, दोस्ती का वादा।

दो मिनट का वादा कर, दस मिनट लगाती है,
पर खाली पेट को, बस यही सुहाती है।
नमक कम हो या ज्यादा, कोई फर्क नहीं पड़ता,
मैगी के बिना तो, कॉलेज का दिन नहीं कटता।

**मीनू**
**बी०एस-सी० षष्ठम सेमे०**

# वाइवा का डर

तैयारी पूरी थी,
पर अंदर जाते ही सब भूल गए,

मैम के एक सवाल पर,
हम हवा में झूल गए।

नज़रें ऊपर-नीचे थीं,
बस सर से नहीं मिलीं,

दिमाग की बत्तियाँ,
उस वक्त बिल्कुल नहीं जलीं।


हंसकर बोलीं मैम,
"बेटा कुछ तो बताओ,"
हमने कहा, "याद तो था सर,
अब नंबर दे दो और जाने दो!"



**शिवानी**
**बी०एस-सी० षष्ठम सेमे०**

# प्राध्यापक

## लेख अनुभाग





# उत्तराखण्ड की भिटौली परम्परा

भिटौली (भिटोली) उत्तराखण्ड की एक पारंपरिक चैत्र माह की परम्परा है। चैत का महीना लग गया है। इस महीने में विवाहित बहनों व बेटियों को भिटौली देने की विशिष्ट सांस्कृतिक परम्परा है। यह खासकर कुमाऊँ क्षेत्र में मनाई जाती है। गढ़वाल क्षेत्र में इसी परंपरा को कलेऊ नाम से जाना जाता है, उत्तराखण्ड की यह अनूठी परंपरा पारिवारिक बन्धन व मायके की याद को जीवित रखती है। चैत के पहले दिन बच्चे फूलदेई का त्यौहार मनाते हैं, लेकिन यह महीना मुख्य रुप से विवाहित बहन-बेटियों को भिटौली देने का है। "भिटौली" का शाब्दिक अर्थ भेंट देने से है, जिसके तहत चैत्र के महीने में विवाहित बेटियों को मायके की ओर से भिटौली में पकवान के रूप में पूरी, हलवा, खीर, खजूरे, पुए, बढ़े, मिश्री, मिठाई, आदि दिए जाते हैं। पकवान के साथ-साथ वस्त्रों में साड़ी, ब्लाऊज रुमाल आदि मुख्य तौर पर दिए जाते हैं। मायके वालों में सामर्थ्य हो तो आभूषण भी दिए जाते हैं। भिटौली आमतौर पर पिता या भाई ही लेकर आते हैं। भिटौली के रूप में मायके से आये पकवान को बहन-बेटियाँ अपने ससुराल के हर घर में बांटती हैं। इससे पूरे गाँव को यह भी पता चल जाता है कि किसकी भिटौली आ गई है और किसकी अभी आनी है।

भिटौली परंपरा को लेकर कुमाऊं में अनेक लोक कथाएं प्रचलित हैं। परन्तु प्राचीन समय में विवाहित बेटियों का हाल-चाल जानने के लिए लोगों को काफी दूर तक पैदल चलना पड़ता था, कई बार तो सालों तक कोई खोज - खबर नहीं मिलती थी। पर बेटियों को यह आशा रहती थी कि उसके मायके वाले भिटौली देने आयेंगे, जिससे उन्हें एक-दूसरे के परिवार का हाल-चाल पता चलता था। चैत के महीने में भिटौली की परंपरा शुरु होने से साल में एक बार जहाँ बहन-बेटियों के हाल-चाल मिल जाते थे, वहीं उससे मुलाकात भी हो जाती थी। यह परपंरा भाई-बहन के आपसी प्रेम व अपनत्व को भी प्रदर्शित करती है। बाद में भिटौली ने एक सांस्कृतिक परम्परा का रूप ले लिया, जो आज कुमाऊँ की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बन गया है। चैत्र माह के लगते ही हर उम्र की महिला को भिटौली का इंतजार रहता है।

चैत्र का महीना विवाहित बेटियों की भिटौली का होने के कारण ही इस महीने कुमाऊँ में विवाह नहीं होते। जिन लड़कियों का विवाह चैत का महीना लगने से पहले हो जाता है, उनकी पहली भिटौली फाल्गुन के महीने में ही दे दी जाती है। क्योंकि विवाह के बाद पड़ने वाले पहले चैत्र के महीने बेटियाँ मायके में ही रहती हैं।

## सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व

**1. रिश्तों की पुष्टि:** भिटौली का मुख्य उद्देश्य मायके और विवाहित स्त्री के बीच भावनात्मक जुड़ाव को बनाए रखना है।

**2. स्त्री-केंद्रित परंपरा:** यह परंपरा विशेषकर महिलाओं को समर्पित है और उनकी सामाजिक पहचान व पारिवारिक सम्मान की पुष्टि करती है।

**3. आधुनिकता का असर:** शहरीकरण और व्यस्त जीवनशैली के कारण आज अधिकांश जगहों पर भिटौली का स्वरूप छोटा या बदलता हुआ दिखता है, परन्तु गांवों में यह परम्परा आज भी जीवित है।



डॉ० खीला कोरंगा
असिस्टेंट प्रोफेसर
इतिहास विभाग



# देवभूमि का अनछुआ रत्न
# हर्षिल घाटी

डॉ० नरेश लाल
असिस्टेंट प्रोफेसर
हिन्दी विभाग

हर्षिल घाटी उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित एक अत्यंत सुंदर और शांत पर्वतीय क्षेत्र है, जो गढ़वाल हिमालय की गोद में भागीरथी नदी के किनारे बसा हुआ है। यह स्थान अपने प्राकृतिक सौंदर्य, स्वच्छ वातावरण और सुकून भरे माहौल के लिए जाना जाता है। आज के समय में जब अधिकांश पर्यटन स्थल भीड़भाड़ और शोर से भर चुके हैं, हर्षिल घाटी अब भी अपनी मौलिकता और शांत स्वभाव को संजोए हुए है। यहां पहुंचते ही ऐसा लगता है मानो प्रकृति ने अपने सबसे सुंदर रूप को यहीं सहेज कर रखा हो।

देहरादून से हर्षिल घाटी की दूरी लगभग 215 से 220 किलोमीटर है। सड़क मार्ग से यहां पहुंचने में लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है। यात्रा का मार्ग ऋषिकेश और उत्तरकाशी से होकर गुजरता है, जहां रास्ते भर पहाड़ों के घुमावदार मोड़, गहरी घाटियां और बहती नदियां सफर को रोमांचक बना देती हैं। यह यात्रा अपने आप में एक अनुभव होती है, जो धीरे-धीरे मन को शहरों की भागदौड़ से दूर ले जाती है और प्रकृति के करीब पहुंचाती है।

लगभग 2620 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हर्षिल घाटी हर मौसम में अलग ही रूप करती है। गर्मियों में यहां की हरियाली, ठंडी हवा और शांत वातावरण यात्रियों को आकर्षित करता है, जबकि सर्दियों में बर्फ से ढकी यह घाटी किसी स्वप्न लोक जैसी प्रतीत होती है। ऊंचे-ऊंचे देवदार और चीड़ के पेड़, दूर तक फैले सेब के बागान और बीच में बहती भागीरथी नदी इस स्थान को और भी मनमोहक बना देते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता इतनी आकर्षक है कि हर मोड़ पर एक नया दृश्य आंखों को ठहर जाने पर मजबूर कर देता है।

हर्षिल घाटी का इतिहास भी काफी रोचक है। 19वीं सदी में एक अंग्रेज व्यक्ति फ्रेडरिक विल्सन, जिसे स्थानीय लोग "पहाड़ी विल्सन" के नाम से जानते हैं, इस क्षेत्र में आया और यहीं बस गया। वह मूल रूप से ब्रिटिश सेना का सैनिक था, लेकिन बाद में उसने यहां व्यापार शुरू किया। विल्सन ने इस क्षेत्र में लकड़ी के व्यापार को बढ़ावा दिया और देवदार के पेड़ों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया। इसके साथ ही उसने यहां सेब की खेती की शुरुआत की, जो आज हर्षिल की पहचान बन चुकी है। उसके द्वारा बनाए गए पुल और अन्य संरचनाएं उस समय के विकास के प्रतीक माने जाते हैं।

विल्सन का जीवन कई कहानियों और किंवदंतियों से जुड़ा हुआ है। उसने एक स्थानीय महिला से विवाह किया और पूरी तरह से इस क्षेत्र की संस्कृति में घुलमिल गया। हालांकि उसके कार्यों को लेकर अलग-अलग मत भी हैं-कुछ लोग उसे विकास का अग्रदूत मानते हैं, तो कुछ उसके द्वारा किए गए जंगलों के अत्यधिक दोहन को लेकर आलोचना करते हैं। फिर भी, यह कहना गलत नहीं होगा कि हर्षिल घाटी को पहचान दिलाने में उसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


प्राकृतिक और ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ हर्षिल घाटी का धार्मिक पक्ष भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह गंगोत्री धाम के मार्ग में स्थित है, जो हिंदू धर्म के चार प्रमुख धामों में से एक है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस मार्ग से गुजरते हैं और हर्षिल में रुककर यहां की शांति का अनुभव करते हैं। पास में स्थित मुखबा गांव को गंगा जी का शीतकालीन निवास स्थान माना जाता है, जहां सर्दियों के दौरान पूजा-अर्चना की जाती है।




हर्षिल के स्थानीय लोग सरल, ईमानदार और प्रकृति के करीब जीवन जीने वाले हैं। उनकी जीवनशैली में आज भी परंपराओं की झलक देखने को मिलती है। लकड़ी और पत्थर से बने घर, पारंपरिक पहनावा और स्थानीय भोजन इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हैं। यहां आने वाले पर्यटकों के प्रति उनका व्यवहार बहुत ही आत्मीय होता है, जिससे हर आगंतुक खुद को अपनापन महसूस करता है।

अंततः, हर्षिल घाटी केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो मन को सुकून प्रदान करता है। यहां की ताजगी भरी हवा, शांत वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता जीवन की भागदौड़ से दूर एक नई ऊर्जा का एहसास कराती है। जो भी व्यक्ति एक बार यहां आता है, वह इस जगह की यादों को अपने दिल में संजोकर ले जाता है और फिर से लौटने की इच्छा करता है। हर्षिल वास्तव में हिमालय का वह छुपा हुआ स्वर्ग है, जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य के कारण हर किसी के मन को मोहित कर लेता है।











# चैत्र की महिमा



## पिथौरागढ़ का चैतोल उत्सव

उत्तराखण्ड के कुमाऊँ मंडल में, जहाँ हिमालय की अनंत पर्वतश्रेणियाँ आकाश को छूती हैं और घाटियों में सदियों पुरानी लोक-परंपराएँ साँस लेती हैं, एक ऐसा उत्सव प्रतिवर्ष वसंत के आगमन के साथ जागृत होता है जो धर्म, प्रकृति और मानवीय सम्बन्धों को एक अद्भुत सूत्र में पिरोता है। यह उत्सव है चैतोल, जो पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों के अनेक गाँवों में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित होता है। इसे जानना केवल एक त्योहार को जानना नहीं है, बल्कि उस पहाड़ी मानस को समझना है जो प्रकृति, देवता और परिवार को एक ही भाव से देखता आया है।

पिथौरागढ़ नगर स्वयं में एक अनूठी भूमि है। यह नगर 1,627 मीटर की ऊँचाई पर स्थित सौर घाटी के मध्य में बसा है और कुमाऊँ मंडल का सबसे बड़ा पर्वतीय नगर है। इसकी पूर्व दिशा में नेपाल और उत्तर में तिब्बत की सीमाएँ लगती हैं, जिसने यहाँ की संस्कृति को एक विलक्षण बहुरंगी स्वरूप प्रदान किया है। कुमाऊँनी परंपराओं के साथ भोटिया समुदाय की उच्च-हिमालयी रीतियाँ यहाँ की जीवनशैली में घुली-मिली हैं। चंद राजाओं के शासनकाल में यह क्षेत्र सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र रहा, और उस समय कला, स्थापत्य तथा लोक-परंपराओं का जो विकास हुआ, उसकी छाप आज भी यहाँ के उत्सवों में दिखाई देती है। चैतोल उसी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की एक जीवंत कड़ी है।

चैतोल हिंदू पंचांग के प्रथम मास चैत्र में मनाया जाता है। आठगाँव शिलिंग, बिन, सातशिलिंग और चौंसर जैसे गाँवों में यह उत्सव चैत्र की अष्टमी और नवमी को विशेष रूप से आयोजित होता है। ये तिथियाँ चैत्र नवरात्र की सबसे पवित्र तिथियाँ मानी जाती हैं, और इस अवसर पर पूरा वातावरण एक आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। यह उत्सव सामान्यतः दो दिन और दो रातों तक चलता है। इस देवता के मंदिर बिन, चेनसर, कसनी, जखनी और भरकटिया गाँवों में स्थित हैं, और इन सभी स्थानों को इस उत्सव के दौरान एक अदृश्य धागे में पिरोया जाता है।

चैतोल का सबसे महत्त्वपूर्ण और रोमांचकारी पक्ष है जागर और देवल सामेत की परंपरा। उत्सव का आरंभ जागर से होता है। जागर कुमाऊँ की एक अत्यंत प्राचीन और सशक्त परंपरा है जिसमें गायन और विशिष्ट वाद्य यंत्रों की लय के माध्यम से किसी मानव माध्यम पर देवता को आवेशित किया जाता है। इस प्रक्रिया में गीत और मंत्र एक साथ बुने जाते हैं, वाद्य यंत्रों की ताल एक विशेष गति से चलती है, और धीरे-धीरे वह मानव माध्यम देवता का प्रतिनिधि बन जाता है। इसी आवेशित माध्यम को देवल सामेत कहते हैं। चैतोल में देवल सामेत को डोले, अर्थात पालकी, में विराजमान कराकर गाँव-गाँव घुमाया जाता है। यह दृश्य अपने आप में अत्यंत भव्य और आस्था को गहराई से स्पर्श करने वाला होता है।

देवल सामेत 22 गाँवों में तांडव नृत्य की मुद्रा में नृत्य करते हैं, और यह नृत्य केवल कला का प्रदर्शन नहीं, बल्कि देवशक्ति की उपस्थिति की अनुभूति है। चँवर गाय की पूँछ से बने ब्रश से देवता दुष्ट शक्तियों का निवारण करते हैं। पहाड़ी दुर्गम भूभाग में जब डोले को ऊँचाइयों और उतराइयों से गुजरना पड़ता है, तो विशेष रस्सियों की सहायता से उसे सँभाला जाता है। पूरी शोभायात्रा में डोला, छत्र, निशान जो देवता का प्रतीक चिह्न है, सोने का जनेऊ, मोरपंख और चँवर सम्मिलित होते हैं। इस यात्रा में भाग लेना स्वयं एक बड़ा सौभाग्य माना जाता है।

उत्सव के आरंभ और समापन पर जो दृश्य उपस्थित होता है, वह शब्दों में पूरी तरह व्यक्त करना कठिन है। गाँव के सभी लोग एकत्रित होते हैं, ढोल और हुड़के की थाप पर सामूहिक गायन होता है, और देहाती नृत्य में पूरा जनसमूह डूब जाता है। इस सामूहिक उल्लास को स्थानीय भाषा में खेल कहते हैं। खेल केवल मनोरंजन नहीं है, यह उस सामुदायिक भावना की अभिव्यक्ति है जो पहाड़ी जीवन की नींव रही है। जब ढोल-हुड़के की गूँज वादियों में फैलती है और सैकड़ों कंठ एक साथ गाते हैं, तो लगता है कि पूरी धरती उस लय में थिरक रही है। यही खेल, यही सामूहिकता, चैतोल को महज एक धार्मिक आयोजन से ऊपर उठाकर एक जीवनोत्सव में बदल देती है।

चैतोल का एक और आयाम है जो इसे विशेष रूप से मार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण बनाता है। यह उत्सव वास्तव में कुमाऊँ की उस गहरी सामाजिक परंपरा का विस्तार है जिसे भिटौली कहते हैं। भिटौली शब्द हिंदी के भेंट से बना है,

जिसका अर्थ है मिलना या उपहार देना। प्रतिवर्ष चैत्र मास में भाई अपनी विवाहित बहन के पास जाता है और उसे नकद या वस्तु के रूप में भेंट देता है। कुमाऊँनी में इसे भिटौली या भेटना भी कहते हैं। यह परंपरा सदियों से उस बंधन को जीवित रखती आई है जो विवाह के बाद भी भाई और बहन के बीच अटूट रहता है।

पहाड़ी भूगोल की विशेषता यह रही है कि बेटियाँ ब्याह होने के बाद प्रायः दूरस्थ गाँवों में चली जाती थीं। बिना सड़क, बिना संचार साधन और बिना वाहन के, एक विवाहित स्त्री महीनों तक अपने परिजनों से नहीं मिल पाती थी। भिटौली की परंपरा इसी भौगोलिक और भावनात्मक विछोह से जन्मी थी। यह समाज का अपना तरीका था यह सुनिश्चित करने का कि कोई विवाहित बेटी उपेक्षित महसूस न करे, कि उसे वर्ष में कम से कम एक बार अपने परिजनों की उपस्थिति और स्नेह का आश्वासन मिले। चैतोल के मेले में जब गाँव-गाँव से लोग एकत्रित होते हैं, तो यही भाव उत्सव में घुला होता है।

इस परंपरा की आत्मा को समझने के लिए एक लोककथा जाननी आवश्यक है जो कुमाऊँ की हर पीढ़ी ने सुनी है। नरिया नाम का एक भाई अपनी बहन देबुली से मिलने के लिए चार दिन की कठिन पैदल यात्रा करके उसके घर पहुँचता है। वहाँ पहुँचकर वह देबुली को सोते हुए पाता है। उसे जगाने का साहस न करते हुए, वह अपने लाए उपहार चुपचाप उसके पैरों के पास रखकर लौट जाता है। जब देबुली जागती है और उपहार देखकर भाई को पहचानती है, तो वह उसे ढूँढती है, किंतु भाई जा चुका होता है। यह सोचकर कि भाई इतनी लंबी यात्रा करके भूखा लौट गया और उसने उसे खाना भी नहीं खिलाया, देबुली इस पीड़ा से व्याकुल होकर प्राण त्याग देती है। कहते हैं कि देबुली घुघुती पक्षी के रूप में पुनर्जन्म लेती है, और इसीलिए कुमाऊँनी लोकगीत में कहा जाता है: न बासा घुघुती चैत की, याद ऐ जांछी मिकें मैत की। अर्थात, ओ घुघुती, चैत में मत बोल, तेरी बोली मुझे मेरे मायके की याद दिलाती है। यह गीत केवल एक गीत नहीं, बल्कि पहाड़ी नारी के हृदय की सदियों पुरानी पुकार है।

चैतोल और प्रकृति का सम्बन्ध भी उतना ही गहरा है जितना देवता और मनुष्य का। चैत्र वह समय है जब पिथौरागढ़ की पहाड़ियाँ अपने सबसे सुंदर रूप में होती हैं। बुरांश के लाल फूल ढलानों को रंग देते हैं, खेतों में हरियाली लौटती है और हिमाच्छादित शिखरों पर कोमल धूप बिखरती है। चैत्र हिंदू पंचांग का प्रथम मास है, नए वर्ष का आरंभ। ऐसे में देवता की पालकी का गाँव-गाँव भ्रमण प्रकृति के नवोन्मेष और जीवन के नवीनीकरण का भी प्रतीक बन जाता है। जागर की ध्वनि और ढोल की थाप जब हिमालय की वादियों में गूँजती है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि पूरी प्रकृति इस उत्सव में सम्मिलित है। पहाड़, नदी, वन और आकाश सभी इस पावन क्षण के साक्षी बनते हैं।







पिथौरागढ़ के मेले और उत्सव केवल धार्मिक अनुभूति के अवसर नहीं रहे, बल्कि वे लोक-संस्कृति को जीवित रखने और सामाजिक-आर्थिक सम्बन्धों को मजबूत बनाने के महत्त्वपूर्ण मंच भी रहे हैं। जब विभिन्न गाँवों के लोग चैतोल के अवसर पर एकत्रित होते हैं, तो वे केवल देवता के दर्शन के लिए नहीं आते। यह मिलन सामाजिक बंधनों को नवीनीकृत करने का, पुराने परिचितों से मिलने का, और स्थानीय लोककला तथा संगीत को साझा करने का अवसर भी होता है। इस अर्थ में चैतोल पिथौरागढ़ की उस व्यापक सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है जो सौर घाटी की इस समृद्ध धरती को एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई बनाती है।

आज के दौर में जब शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली पारंपरिक उत्सवों को हाशिये पर धकेल रही है, चैतोल जैसे लोकपर्व एक विशेष महत्त्व रखते हैं। ये उत्सव हमें याद दिलाते हैं कि हमारी सांस्कृतिक पहचान केवल भाषा या भोजन में नहीं, बल्कि उन सामूहिक अनुभवों में भी निहित है जो पीढ़ियों से साझा किए जाते रहे हैं। ढोल-हुड़के की थाप, देवल सामेत का तांडव, भिटौली की भावना और घुघुती के लोकगीत, ये सब मिलकर एक ऐसी सांस्कृतिक विरासत बनाते हैं जिसे संरक्षित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। और यह जिम्मेदारी सबसे पहले उस युवा पीढ़ी पर है जो इन परंपराओं की उत्तराधिकारी है।

चैतोल पिथौरागढ़ की उस अमर लोकचेतना का प्रतिबिंब है जो सदियों से ढोल-हुड़के की थाप में, भाई की भिटौली में, घुघुती के करुण गान में और देवल सामेत के तांडव में प्रकट होती आई है। यह उत्सव हमें यह भी सिखाता है कि जीवन का सबसे बड़ा उत्सव मानवीय सम्बन्ध हैं, ईश्वर और मनुष्य के बीच, भाई और बहन के बीच, गाँव और गाँव के बीच। जब चैत्र की पहली धूप सौर घाटी की पहाड़ियों पर पड़ती है, जब डोले के साथ जनसमूह की आवाजें वादियों में गूँजती हैं और जब खेल की सामूहिक थिरकन धरती को जगाती है, तब लगता है कि पहाड़ का यह उत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन की एक पुकार है जो हर वर्ष चैत्र में ताजी होती है और अगली पीढ़ी को सौंप दी जाती है।







डॉ० कविन्द्र भट्ट
असिस्टेंट प्रोफेसर
अंग्रेजी विभाग

# चैती मेला युगों की दहलीज पर खड़ा एक अटूट विश्वास



उत्तराखण्ड के तराई क्षेत्र में बसा काशीपुर शहर (प्राचीन गोविषाण) साल के बाकी दिनों में अपनी आधुनिक रफ्तार में दौड़ता है, लेकिन चैत्र मास की नवरात्रि आते ही यहाँ की हवा बदल जाती है। फिजाओं में ढोल-नगाड़ों की गूँज, मिट्टी की सोंधी महक और माँ के जयकारों का शोर एक ऐसी कहानी बुनता है, जो हजारों साल पुरानी है। इतिहास के पन्नों में काशीपुर का उल्लेख **'गोविषाण'** के नाम से मिलता है। 7वीं शताब्दी में प्रसिद्ध चीनी यात्री **ह्वेनसांग** यहाँ आया था। उसने अपने यात्रा वृत्तांत में लिखा था कि यह एक समृद्ध राज्य था जहाँ कई बौद्ध मठ और हिंदू मंदिर थे। चैती मेले का स्थान उसी प्राचीन नगरी के केंद्र में स्थित है, जो यह दर्शाता है कि यह मेला उस समय के धार्मिक और सांस्कृतिक विनिमय का एक बड़ा केंद्र रहा होगा। जब 'डोला' निकलता है, तो पूरे काशीपुर की सड़कों पर तिल रखने की जगह नहीं होती। भक्त हाथ में तलवारें लेकर, मशालें जलाकर और जयकारे लगाते हुए माता को पालकी में बिठाकर ले जाते हैं।

### सतयुग एवं द्वापर की विरासत और आध्यात्मिक उद्गम

पौराणिक दृष्टि से यह स्थान **सतयुग** से जुड़ा है। हजारों साल पहले, जब शिव सती के पार्थिव शरीर को लेकर तांडव कर रहे थे, तब विष्णु के चक्र से कटकर सती के अंग अलग-अलग स्थानों पर गिरे। माना जाता है कि यहाँ देवी का दाहिना हाथ गिरा था, जिससे यह **51 शक्तिपीठों** में से एक बना। यहाँ माँ 'बाल सुंदरी' के रूप में विराजमान हुईं—एक ऐसी देवी जिनका स्वरूप एक छोटी कन्या (बाला) की तरह अत्यंत सुंदर और कोमल है।

पांच हजार साल पहले महाभारत काल की एक किंवदंती है कि जब कौरवों और पांडवों के गुरु **द्रोणाचार्य** अपनी साधना के लिए उपयुक्त स्थान खोज रहे थे, तब उनकी नजर इस शांत और वनाच्छादित क्षेत्र पर पड़ी। यहाँ उन्होंने अपना आश्रम स्थापित किया, जहाँ द्रोणाचार्य पांडवों और कौरवों को धनुर्विद्या सिखाते थे। द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा भगवान शिव के अंश माने जाते हैं और वे एक महान तपस्वी भी थे। उन्होंने युद्ध में अजेय होने और दिव्य अस्त्रों की प्राप्ति के लिए इसी शक्तिपीठ को चुना क्योंकि शास्त्रों के अनुसार, शक्तिपीठों पर की गई पूजा का फल कई गुना जल्दी मिलता है। अश्वत्थामा ने माँ बाल सुंदरी (जिन्हें 'उज्जैनी देवी' भी कहा जाता है) की कठिन साधना की। उन्होंने देवी को अपनी 'कुलदेवी' के रूप में पूजा। मान्यता है कि उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर माँ ने उन्हें क छोटी कन्या (बालिका) के रूप में दर्शन दिए, इसीलिए उन्हें **'माँ बाल सुंदरी'** कहा गया।

आज जहाँ चैती मंदिर खड़ा है, वहाँ कभी घना जंगल हुआ करता था। कहते हैं कि माँ यहाँ साक्षात् निवास करती हैं। हर साल नवरात्रि में सप्तमी की आधी रात को जब शहर के 'पक्काकोट' मंदिर से माँ की स्वर्ण प्रतिमा को पालकी (डोला) में सजाकर चैती मंदिर लाया जाता है, तो ऐसा लगता है मानो समय ठहर गया हो। यह **'डोला यात्रा'** केवल एक धार्मिक जुलूस नहीं, बल्कि भक्तों के लिए माँ का अपने मायके से ससुराल या एक धाम से दूसरे धाम जाने का भावुक क्षण होता है।

### मुगलकाल: एक चमत्कार और अटूट श्रद्धा

मुगल बादशाह औरंगजेब की बहन (कुछ लोग बेटी जहाँआरा कहते हैं) एक लाइलाज बीमारी से पीड़ित थी। कोई हकीम या दवा काम नहीं कर रही थी। राजकुमारी को सपने में एक छोटी दिव्य कन्या दिखी, जिन्होंने कहा कि यदि मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाए, तो वह स्वस्थ हो जाएगी। जिन्होंने कहा कि यदि मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाए, तो वह स्वस्थ हो जाएगी। जब राजकुमारी यहाँ आई और माता की कृपा से स्वस्थ हुई, तो औरंगजेब का हृदय परिवर्तन हुआ। उसने न केवल मंदिर के लिए भूमि दान की, बल्कि इसके निर्माण में सहायता भी दी। यही कारण है कि मंदिर की वास्तुकला में आपको हिंदू और मुगल शैलियों का मिश्रण मिलता है।

## इतिहास के पन्नों में राजकीय वैभव

वक्त बदला, युग बदला और द्वापर से निकलकर यह कहानी मध्यकाल में पहुँची। कुमाऊं के **चंद राजाओं** के शासनकाल में इस मेले ने एक नया रूप लिया। राजाओं ने इसे राजकीय मेले का दर्जा दिया। काशीपुर सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। इतिहासकार बताते हैं कि मुगल काल के दौरान भी इस मेले की रौनक कम नहीं हुई। यहाँ का **'नखासा बाजार' (घोड़ा बाजार)** पूरे उत्तर भारत में मशहूर हो गया। दूर-दराज के देशों जैसे अफगानिस्तान और ईरान से व्यापारी यहाँ अरबी और सिंधी नस्ल के घोड़े लेकर आते थे। इसी बाजार की धूल में कभी **सुल्ताना डाकू** के घोड़ों की टापें भी सुनाई देती थीं। लोककथाओं में जिक्र है कि सुल्ताना अपनी 'चेतकी' घोड़ी के लिए सबसे मजबूत नाल और साजो-सामान इसी मेले से खरीदता था। यह मेला धर्म और व्यापार के अनूठे मिलन का गवाह बना। 1920 के दशक में तराई के जंगलों में **सुल्ताना डाकू** का नाम खौफ का दूसरा नाम था, लेकिन गरीबों के लिए वह एक 'रॉबिनहुड' की तरह था। ब्रिटिश पुलिस (जिम कॉर्बेट के नेतृत्व में) उसे पकड़ने के लिए मेले में सादे कपड़ों में तैनात रहती थी, लेकिन सुल्ताना भेष बदलने में इतना माहिर था कि वह कभी साधु तो कभी एक आम किसान बनकर पुलिस के सामने से निकल जाता था। एक बार उसने मेले के सबसे अमीर व्यापारी को पहले ही चिट्ठी भेज दी कि वह उसकी सबसे कीमती घोड़ी ले जाएगा। पुलिस ने चारों तरफ पहरा लगा दिया, लेकिन सुल्ताना ने आधी रात को मेले में ऐसी अफरातफरी मचाई कि वह व्यापारी की घोड़ी लेकर चंपत हो गया। आज भी नखासा बाजार के पुराने लोग इन कहानियों को बड़े चाव से सुनाते हैं।

## ब्रिटिश काल और जिम कॉर्बेट का युग

अंग्रेजों के समय में भी चैती मेले का महत्व बना रहा। 19वीं और 20वीं शताब्दी की शुरुआत में, ब्रिटिश प्रशासन ने इस मेले का उपयोग राजस्व वसूलने और पशु गणना के लिए किया। प्रसिद्ध शिकारी और संरक्षणवादी जिम कॉर्बेट के संस्मरणों में भी तराई के इन मेलों और यहाँ की जांबाज संस्कृति का उल्लेख मिलता है। उस समय यह मेला ब्रिटिश अधिकारियों और भारतीय जमींदारों के बीच सामाजिक मेलजोल का भी अड्डा था।

## स्वतंत्रता संग्राम का मूक गवाह

1920 और 1930 के दशक में, जब भारत में स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था, चैती मेले का उपयोग क्रांतिकारी विचारों के प्रचार के लिए भी किया गया। मेले में लगने वाली छोटी-छोटी चौपालों और लोक-नाटकों (नौटंकी) के माध्यम से देशप्रेम का संदेश फैलाया जाता था, क्योंकि ब्रिटिश पुलिस के लिए इतनी बड़ी भीड़ में हर किसी पर नजर रखना नामुमकिन था।

## पुरातात्विक रहस्य और महादेव की छाया

इस मेले की कहानी तब तक पूरी नहीं होती जब तक हम **द्रोण सागर** और **मोटेश्वर महादेव** की बात न करें। चैती मंदिर के पास ही विशाल द्रोण सागर स्थित है। खुदाई में यहाँ से मौर्य और कुषाण काल की ईंटें और मूर्तियाँ मिली हैं, जो यह साबित करती हैं कि यह स्थान सदियों से सभ्यता का केंद्र रहा है।

वहीं दूसरी ओर, **मोटेश्वर महादेव** का मंदिर है। यहाँ का शिवलिंग इतना विशाल है कि इसे बाहों में भरना मुमकिन नहीं। दक्षिण-मुखी ज्योतिर्लिंग होने के कारण इसकी शक्ति अपार मानी जाती है। भक्त माँ बाल सुंदरी की पूजा के बाद महादेव के चरणों में शीश झुकाते हैं, जो शक्ति और शिव के पूर्ण मिलन का प्रतीक है।

## बुक्सा जनजाति: माँ बाल सुंदरी के 'असली' बेटे

काशीपुर और उसके आसपास रहने वाली बुक्सा जनजाति के लिए चैती मेला महज एक आयोजन नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व का हिस्सा है। माँ बाल सुंदरी उनकी कुलदेवी हैं। मेले के दौरान बुक्सा लोग अपनी विशिष्ट वेशभूषा में 'जातरी' अनुष्ठान करते हैं। वे माँ के डोले के साथ पारंपरिक वाद्ययंत्रों (ढोल-दमाऊ) पर नृत्य करते हुए चलते हैं। उनके नृत्य में तराई के जंगलों की सादगी और माँ के प्रति अटूट समर्पण दिखता है। बुक्सा समाज में परंपरा है कि नवविवाहित जोड़ा तब तक पूर्ण रूप से शादीशुदा नहीं माना जाता जब तक वह चैती मेले में आकर माँ बाल सुंदरी के मंदिर में अपनी शादी की 'गांठ' नहीं छूता। वे माँ को सोने या चांदी की नथ चढ़ाते हैं और अपनी फसल का पहला हिस्सा माँ के चरणों में अर्पित करते हैं।

## आधुनिक युग का सांस्कृतिक उत्सव

आज 21वीं सदी में, चैती मेला उत्तराखण्ड की पहचान बन चुका है। यह केवल हिंदुओं का त्यौहार नहीं, बल्कि साझी विरासत का प्रतीक है। **बुक्सा जनजाति** के लोग, जो तराई के मूल निवासी हैं, इसे अपना सबसे बड़ा उत्सव मानते हैं। मेले के मैदान में ऊंचे-ऊंचे झूले, सर्कस, मौत का कुआं और जादू के खेल आधुनिक मनोरंजन का रंग भरते हैं। दूर-दराज के गांवों से लोग ट्रैक्टरों और बैलगाड़ियों में भरकर आते हैं। महिलाएं पीतल के बर्तन और पारंपरिक हस्तशिल्प खरीदती हैं, तो बच्चे 'बुढ़िया के बाल' (कॉटन कैंडी) और गरम-गरम जलेबियों का आनंद लेते हैं।

आर्थिक रूप से यह मेला हजारों छोटे दुकानदारों के लिए साल भर की उम्मीद लेकर आता है।

## उपसंहार

चैती मेला काशीपुर की धड़कन है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम चांद पर पहुँच गए हों, लेकिन हमारी जड़ें आज भी गुरु द्रोण के उसी आश्रम और माँ बाल सुंदरी के उसी आँचल से जुड़ी हैं। यह मेला एक जीवित कहानी है, जो हर साल चैत्र की चांदनी में फिर से लिखी जाती है। जब आप चैती मेले में घूमते हैं, तो आप दरअसल एक **'लिविंग म्यूजियम'** में होते हैं। आपके पैरों के नीचे दफन **मौर्यकालीन ईंटें**, सामने खड़ा **उज्जैन किला** और पवित्र **द्रोण सागर**—ये सब मिलकर माँ बाल सुंदरी के दरबार को ऐतिहासिक भव्यता प्रदान करते हैं। चैती मेला इसी गौरवशाली अतीत को हर साल जीवंत करने का एक उत्सव है।










डॉ० शैफाली सक्सेना
असिस्टेंट प्रोफेसर
वनस्पति विज्ञान विभाग

# उम्मीद

डरना नहीं, थमना नहीं,
खुशियों का दामन छोड़ना नहीं।

आज अंधेरा, कल सवेरा होगा,
सब कुछ फिर से सुनहरा होगा।

हँसते रहो, बढ़ते रहो,
मंज़िल की सीढ़ी चढ़ते रहो।

डॉ० शैफाली सक्सेना
असिस्टेंट प्रोफेसर
वनस्पति विज्ञान विभाग



# BACK TO THE MOON

## WHAT ARTEMIS II MEANS FOR HUMANITY

On the evening of April 1, 2026, a rocket lit up the Florida sky with 8.8 million pounds of thrust. At 6:35 p.m. EDT, NASA's Space Launch System lifted off from Launch Pad 39B at Kennedy Space Centre, carrying four astronauts aboard the Orion spacecraft on a journey that no human being had attempted in more than half a century. The world watched. Schools stayed up late. Families gathered around screens. And for the first time since December 14, 1972, when Apollo 17 commander Gene Cernan climbed back into his lunar module and left the last human footprint in the dust of the Taurus-Littrow valley, humankind was heading back toward the Moon.

The mission was called Artemis II. Its crew consisted of NASA Commander Reid Wiseman, Pilot Victor Glover, Mission Specialist Christina Koch, and Canadian Space Agency astronaut Jeremy Hansen. In ten days, they would travel 694,481 miles in total, loop around the far side of the Moon, and splash down safely in the Pacific Ocean off the coast of San Diego. But the raw numbers, impressive as they are, tell only part of the story. What Artemis II represented was something far larger than a flight plan. It was a statement about who we are as a species and, perhaps more importantly, about who we are becoming.

The gap between Apollo 17 and Artemis II spans 54 years. To put that into perspective, the Wikipedia article on the mission noted that at the time of launch, only about one-fourth of the global population was old enough to have any memory of humans last travelling to lunar space. Three generations of human beings were born, grew up, and in some cases grew old without ever living in a world where anyone went beyond Earth orbit. The Moon was always there, visible on clear nights from every backyard on the planet, yet it might as well have been permanently out of reach. The silence was not a failure of ambition. It was, rather, a combination of politics, budgets, shifting priorities, and the brutal costs of sustaining deep space exploration without a compelling enough reason to do it. The Cold War that had driven the space race evaporated. NASA turned its attention to the Space Shuttle and the International Space Station, both extraordinary achievements in low Earth orbit, but neither pointed at the Moon.

When NASA announced the Artemis program in 2017, the ambitions were clear and the timeline was ambitious. Getting there, however, proved genuinely difficult. Artemis II itself faced delay after delay. A hydrogen leak during a wet dress rehearsal, a valve issue, a helium flow problem, high winds during rollout, and a North American winter storm in January 2026 that disrupted preparations all pushed the launch window back. When the rocket finally stood ready at Pad 39B in late March, it had been through two rollouts, two wet dress rehearsals, and years of engineering scrutiny. The fact that it launched cleanly on April 1, the first available window, felt like the exhale of an entire space program.

The mission itself followed a free-return trajectory, a figure-eight path that uses the gravitational pull of Earth and the Moon together to carry the spacecraft around the lunar far side and return it home without requiring additional propulsion. This is both elegant physics and smart engineering. If the engine had failed at any point after the critical trans-lunar injection burn on April 2, orbital mechanics alone would have brought the crew back to Earth. Safety was built into the geometry of the journey. The spacecraft, which the crew named Integrity, first spent roughly 25 hours in a high Earth orbit while the astronauts ran systems checks and Mission Control confirmed everything was functioning as expected. Only then did Orion execute the burn that sent it toward the Moon.

On April 6, five days after launch, the crew reached their closest approach to the lunar surface, passing just 4,067 miles above it. They then swung around the far side, losing contact with Earth for about 40 minutes as the Moon's bulk blocked all radio and laser signals. During that blackout, the crew watched the Moon's cratered landscape pass below them in near-total darkness, lit only by the faint glow of earthshine. When contact was restored, Mission Control in Houston heard four human voices again for the first time in just under an hour. In those 40 minutes, Wiseman, Glover, Koch, and Hansen were genuinely alone in the universe in a way that almost no human beings have ever been.
Their farthest point from Earth came during this phase. At 252,756 miles from home, they broke the distance record that had stood since April 1970, when the crew of Apollo 13 swung around the Moon on their crippled spacecraft and limped back to Earth. The Artemis II crew shattered that record not in crisis but in triumph, and the contrast with Apollo 13 was not lost on anyone who understood the history. The crew also had a front-row seat to something that no human being had ever witnessed in quite the same way: a total solar eclipse in which the Moon fully blocked the Sun. The totality lasted 57 minutes. Looking through eclipse glasses, then with naked eyes as the Sun disappeared entirely behind the lunar disk, they watched the corona, the Sun's outer atmosphere, glow in a halo around the dark circle of the Moon while stars, Venus, Mars, Saturn, and Mercury became visible in the artificial night.

Victor Glover, speaking from roughly 100,000 miles out, told viewers during a live downlink: "Trust us, you look amazing, you look beautiful. You also look like one thing. Homo sapiens is all of us, no matter where you're from or what you look like. We're all one people." It was not a scripted line. It was a man speaking from somewhere no human being had been in more than five decades, looking at the entire planet compressed into a single blue-white disc against the blackness of space. The words landed.

Glover's presence on the mission carried weight beyond the personal. He became the first Black astronaut to travel to the Moon, a fact that drew attention not because it should have taken this long, but because it had. Between 1968 and 1972, twenty-four human beings flew to the vicinity of the Moon. Every single one of them was a white American man. Fifty-four years later, the pilot of humanity's return flight was a Black man from Pomona, California, a naval aviator and test pilot who had logged more than 3,500 flight hours in over 40 aircraft before NASA ever put him on a path to deep space. Christina Koch became the first woman to travel to the Moon. Jeremy Hansen, a Colonel in the Royal Canadian Air Force, became the first non-American to venture beyond low Earth orbit, making Canada only the second nation in history to send a citizen to deep space. The crew broke the record for the most people in deep space simultaneously, set at three during Apollo 8 in December 1968.

These are not incidental facts. They matter because space exploration, for all its technological grandeur, has always also been about who gets to be part of humanity's story. For most of its history, that story was written by a remarkably narrow slice of humanity. Artemis II did not fix that entirely, but it moved the needle in ways that will resonate for decades. A young girl watching the launch from her living room in Nairobi or Chennai or Bogota saw, for the first time, something she had never seen before: a crew that looked like the world it came from.

The scientific work done during the mission was just as important as its symbolic value, even if it attracted less media attention. The crew conducted extensive tests of the Orion spacecraft's life-support systems, navigation systems, propulsion, power generation, and thermal management, all in the punishing radiation environment of deep space. They ran proximity operations demonstrations, manually piloting Orion through maneuvers that will be needed for future docking with commercial lunar landers. They participated in the AVATAR investigation, which uses organ-on-a-chip technology to study how human tissue responds to microgravity and deep-space radiation. They observed the lunar surface and debriefed with science officers while impressions were still fresh. Every test passed, every data set collected, every system evaluated brings the next missions closer to execution.

And there will be next missions. Artemis III, scheduled for late 2027, will test rendezvous and docking procedures in Earth orbit using commercial lunar landers currently under development by SpaceX and Blue Origin. Artemis IV, targeted for early 2028, is planned to be the first crewed lunar landing since Apollo 17, with a four-person crew descending to the lunar South Pole, a region no human being has ever visited. The South Pole is scientifically extraordinary. Permanently shadowed craters in that region are believed to contain significant deposits of water ice, which could support long-term human presence on the Moon and also be processed into hydrogen and oxygen for rocket fuel. Artemis V, scheduled for late 2028, is expected to begin the construction of a permanent lunar base. NASA administrator Jared Isaacman, speaking on Good Morning America after the Artemis II splashdown, put it plainly: "We are just getting going."

The goal, stated clearly in a presidential executive order signed in December 2025, is not simply to return to the Moon and plant a flag. It is to stay. The order called for establishing initial elements of a permanent lunar outpost by 2030 and for the deployment of nuclear reactors on the surface. The Moon, in this vision, is not a destination. It is a platform, a proving ground for the technologies, procedures, and human adaptations that will eventually be needed for a crewed mission to Mars.

Every week spent on the lunar surface, every system tested in the Moon's one-sixth gravity and under its radiation environment, every lesson learned about keeping human beings alive far from Earth is a lesson that brings Mars measurably closer.

Critics have noted, fairly, that the road ahead is still uncertain. The NASA Safety Advisory Panel has cautioned that future Artemis missions are stacking too many first-time systems and operations into single flights, which elevates risk. SpaceX's Starship, which is planned to carry astronauts from lunar orbit to the surface in Artemis IV, had still not reached Earth orbit as of early 2026 and was about to introduce a new version of the vehicle. Blue Origin's Blue Moon lander faces its own development challenges. The $20 billion plan that NASA announced is ambitious by any standard. These concerns are legitimate and deserve serious attention. Space is unforgiving, and history teaches repeatedly that the gap between a successful test mission and a successful landing mission can be enormous.

But the weight of what Artemis II actually accomplished should not be diminished by anxieties about what comes next. The Orion spacecraft flew to the Moon and back with four human beings aboard and brought them home safely. Every system that needed to work, worked. The life-support systems sustained the crew for ten days in deep space. The heat shield, which had shown unexpected erosion after the uncrewed Artemis I flight, performed within acceptable parameters on re-entry, when the capsule hit the upper atmosphere at nearly 25,000 miles per hour. The parachutes deployed. The recovery teams were in place. And at 5:07 p.m. PDT on April 10, 2026, the Orion capsule named Integrity splashed down in the Pacific Ocean off San Diego, right on schedule.

There is a photograph taken by the Artemis II crew during their lunar flyby that has already become one of those images that stops people cold. It shows the Moon in the foreground, its cratered surface sharp and detailed in the way that only proximity makes possible, and behind it, impossibly small and impossibly beautiful, a small crescent of light that is the Earth. It echoes the famous Earthrise photograph taken by the crew of Apollo 8 in 1968, when William Anders looked out his window and saw his home planet rising over the lunar surface for the first time in human history. That photograph is widely credited with helping to spark the modern environmental movement, because it showed, perhaps for the first time, just how alone and fragile that small blue world really is.

The Artemis II photograph does something similar. It reminds us, in a way that words rarely manage, that everything we have ever known, every war ever fought, every book ever written, every person ever born, exists on that tiny crescent of light. And it reminds us that for ten days in April 2026, four human beings were somewhere else entirely, looking back.

That matters. It matters not just for scientists and engineers and space enthusiasts, but for the young student in Almora who looks up at the Moon on a clear night and wonders whether people will ever live there. For the child who has grown up hearing about the Apollo missions as ancient history and assumed that nothing that dramatic would happen again in her lifetime. For anyone who believes that the defining quality of our species is not its capacity for destruction, which is considerable, but its capacity for curiosity and reach, which is greater still.

Artemis II was not the end of something. It was not even the beginning of the end. It was, as NASA Administrator Isaacman called it, the opening act. But opening acts matter. They tell you what kind of story is coming. And if April 2026 is any indication, the story humanity is about to talk about itself in space may be the most consequential one we have ever attempted.



**Dr. Kavinder Bhatt**
**Assistant Professor**
**Department of English**





When we observe the world around us, everything appears solid and continuous. However, modern physics reveals that all matter is made up of tiny particles far smaller than atoms. At the most fundamental level, we encounter *quarks*—the basic building blocks of matter that form protons and neutrons, and ultimately everything in the universe.

The idea of quarks was proposed in 1964 by physicists Murray Gell-Mann and George Zweig. Their theory helped explain the structure of subatomic particles and introduced a new way of understanding matter. Today, quarks are an essential part of the **Standard Model of particle physics**.

## Structure of Protons and Neutrons

Quarks combine to form particles called *hadrons*, the most stable of which are protons and neutrons. A proton consists of **two up quarks and one down quark (uud)**, while a neutron contains **one up quark and two down quarks (udd)**. These quarks are held together by the *strong nuclear force*, which is mediated by particles called gluons.




## Types (Flavours) of Quarks

Quarks exist in six different types, known as *flavours*:

- Up
- Down
- Charm
- Strange
- Top
- Bottom

Among these, the **up and down quarks** are the most common and form ordinary matter. The others are heavier and usually appear only in high-energy environments like particle accelerators.

## Unique Properties of Quarks

One of the most fascinating features of quarks is that they **cannot exist independently**. This property is called *confinement*. Quarks are always found in groups, such as inside protons or neutrons.
Another important property is *colour charge*. Quarks carry one of three "colours"—red, green, or blue (these are just names, not actual colours). The combination of these colours results in particles that are colour-neutral, similar to how primary colours combine to form white light.

## How Scientists Study Quarks


Since quarks cannot be seen directly, scientists study them using powerful particle accelerators, such as those at CERN. By colliding particles at extremely high speeds, researchers observe the resulting fragments and interactions, which provide indirect evidence of quarks and their behaviour.


## Why Quarks Matter


Quarks are fundamental to our understanding of the universe. They not only form the structure of matter but also help scientists explore conditions that existed just after the Big Bang. Research in this field continues to deepen our knowledge of particle physics and cosmology.


## Sources of Information


- *Introduction to Elementary Particles – A widely used undergraduate-level book explaining quarks and particle physics.*
- *Quarks and Leptons: An Introductory Course in Modern Particle Physics – Standard reference for understanding fundamental particles.*
- *CERN – Official website provides accurate and updated information on particle physics.*
- *Particle Data Group – Trusted source for detailed particle physics data.*
- *Encyclopaedia Britannica – Reliable summaries on quarks and atomic structure.*
